तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 24 सितम्बर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 मक्का की फसल तैयार होते ही सरगुजा में बढ़ने लगी हाथियों की संख्या



खबर संक्षेप

एक्सयूवी से स्टंटबाजी, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

बलरामपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलती एक्सयूवी कार से खतरनाक तरीके से स्टंट करने के मामले में बलरामपुर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। चालक कार के चारों दरवाजे और सनरूफ खोलकर अन्य लोगों के साथ वाहन से बाहर निकलकर सफर कर रहा था। इस दौरान कार में सवार लोगों के साथ ही सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों और आम लोगों की जान भी खतरे में पड़ सकती थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 सितंबर को थाना बलरामपुर क्षेत्र के नगर सेना तिराहा सेमली के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 343 पर महिंद्रा एक्सयूवी 700 क्रमांक सीजी 30 एफ 7388 को चालक सुनील गुप्ता निवासी ग्राम अधौरा थाना बलरामपुर चला रहा था। उसके साथ कार में चार अन्य व्यक्ति भी सवार थे। आरोप है कि चालक ने वाहन के चारों दरवाजे और सनरूफ खोलकर खतरनाक तरीके से वाहन चलाया। इस दौरान कार में सवार लोग वाहन से बाहर निकलकर स्टंट करते नजर आए। घटना का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया में आमने आने के बाद एसपी ने मामले को गंभीरता से लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी चाक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 तथा एमवी एक्ट धारा 184 और 194(बी)(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

कर्मा मनाने के दौरान विवाद घर में घुसकर टांगी से हमला

अंबिकापुर। बलरामपुर जिले के सामरी क्षेत्र में कर्मा मनाने के दौरान हुए विवाद में जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने मामूली विवाद पर घर में घुसकर टांगी से हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर दिया है। सामरीपाठ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सेरंगदाग के अखरा में कर्मा पूजा का आयोजन किया गया था। इस कर्मा पूजा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए थे। इस दौरान गांव का सुनील कुमार, उसके बड़े पिता शीतल नगेशिया सहित अन्य लोग गए हुए थे। इस दौरान उदय नगेसिया शीतल नगेसिया से किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। विवाद बढने पर लोगों ने बीच बचाव कर ममले को शांत करा दिया था। विवाद शांत होने पर शीतल नगेशिया और आरोपी उदय नगेसिया अपने अपने घर चले गए थे। इस दौरान आरोपी टांगी लेकर शीतल नगेसिया के घर पहुंचा और उसके पुत्र गेड़वा उर्फ भोटना नगेसिया के गर्दन के नीचे टांगी से हत्या करने के नियत से वार कर दिया जिससे भोटना के गर्दन के नीचे पीठ में गहरा चोट लग गया। आरोपी द्वारा आहत के पीठ में पुनः टांगी से वार किया गया जो मौके पर उपस्थित लोगों के द्वारा आरोपी को पकड़ लिया गया। मामले में पुलिस ने शिकायत पर आरोपी सेरेंगदाग निवासी उदय नगेसिया को बीएनएस की धारा 109 के तहत गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में सामरी पाठ थाना प्रभारी विजय कुमार दुबे, सउनि आनंद मसीह तिर्की, आरक्षक अजय कुमार, संजय पटेल और ओमकार रजक सक्रिय रहे।

शराबबंदी का असर : बाहर से शराब पीकर गांव पहुंचे 16 लोगों पर पंचायत की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- शराबियों पर लगाया तीन-तीन हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना
- ग्राम पंचायत बुलाकर वसूला 45 हजार जुर्माना

जिले का एक ऐसा गांव जहां शराब बंदी को लेकर ग्राम पंचायत ने सख्त रुख अपनाया है। शराब प्रतिबंध गांव में बाहर से शराब पीकर आने वाले शराबियों के खिलाफ ग्राम पंचायत की ओर से कार्रवाई करते हुए 45 हजार का जुर्माना वसूल किया है। दरअसल पूरा मामला लखनपुर क्षेत्र के ग्राम केवरी का है। ग्राम पंचायत ने सख्त रुख अपनाते हुए बाहर से शराब पीकर गांव में आने वाले 16 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पंचायत ने सभी पर तीन-तीन हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना लगाया है।ग्राम पंचायत की कार्रवाई के बाद गांव में शराबबंदी के फैसले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।



ग्राम पंचायत के सरपंच मैनेजर राम ने बताया कि ग्राम पंचायत केवरी में 1 सितंबर से पूर्ण शराबबंदी की घोषणा की गई थी। गांव में शराबबंदी से पूर्व ग्राम पंचायत के पूर्णतः शराबबंदी के निर्णय का गांव की महिलाओं ने ली जिसका ग्रामीणों ने समर्थन किया। शराब के कारण होने वाले विवाद और सामाजिक समस्याओं को देखते हुए ग्रामीणों ने गांव में शराब के सेवन पर रोक लगाने का निर्णय लिया। शराबबंदी लागू होने के बाद पंचायत द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। इसी दौरान दूसरे गांव से शराब पीकर गांव में पहुंचे 16 लोगों के खिलाफ पंचायत ने कार्रवाई करते हुए 14 शराबियों से तीन तीन हजार और दो अन्य लोगों से 15-15 सौ रुपये आर्थिक जुर्माना लागाकर 45 हजार रुपए वसूल किया गया। ग्राम पंचायत के इस कदम से शराबबंदी को लेकर ग्रामीणों में सख्ती का संदेश गया है। पंचायत का कहना है कि गांव में शराबबंदी के फैसले का पालन सुनिश्चित कराने के लिए आगे भी निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी। महिलाओं और ग्रामीणों ने भी शराबबंदी के निर्णय को गांव के हित में बताते हुए इसका समर्थन किया है।

डब्ल्यूएचओ एवं जैपेगो की संयुक्त टीम करेगी विस्तृत मूल्यांकन

बतौली विकासखंड को किया जाएगा टीबी मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खास बात

- मरीजों की पहचान के लिए डोर-टू-डोर हो रहा सर्वे

टीबी के खिलाफ चल रहे अभियान में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी सफलता हासिल की है। सरगुजा जिले के बतौली विकासखंड को टीबी मुक्त घोषित करने की दिशा में कदम बढाए गए है। बतौली को टीबी मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है इसके मूल्यांकन के लिए शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन और जपाइगो की टीम सरगुजा पहुंचेगी। टीम द्वारा गांव में जाकर घर घर लोगों से सम्पर्क कर वस्तु स्थिति का आंकलन करने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के दावों की जमीनी हकीकत जानेंगी।

बता दें कि सरगुजा को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में वर्षों से प्रयास किए जा रहे है। स्वास्थ्य विभाग द्वरा टीबी के मरीजों की पहचान और उनके उपचार के लिए डोर टू डोर सर्वे अभियान भी चलाया जा रहा है। विकासखंडों में चलाए गए सघन जांच अभियान में अब तक 783 लोगों का छाती का एक्स-रे कराया गया है तथा इनमें से 47 संदिग्ध व्यक्तियों की बलगम जांच कराई गई है। जांच में टीबी की पुष्टि होने वाले मरीजों का समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार प्रारंभ कराया जा रहा है, ताकि बीमारी की गंभीरता और जटिलताओं को कम करते हुए टीबी से होने वाली अकाल मृत्यु को रोका जा सके। सरगुजा में वर्तमान आंकड़ों के अनुसार टीबी से संक्रमित लगभग 100 मरीजों में 3 मरीजों की मृत्यु होती है। इसे कम करने के लिए शीघ्र पहचान, नियमित उपचार, पोषण सहायता और उपचार को बीच में न छोड़ना अत्यंत आवश्यक है। अभियान के दौरान टीबी मरीजों के संपर्क में आए परिवार के सदस्यों एवं अन्य पात्र व्यक्तियों की भी जांच की जा रही है। जिन व्यक्तियों में सक्रिय टीबी बीमारी नहीं पाई जाती, उन्हें चिकित्सकीय सलाह के अनुसार टीबी से बचाव की दवाइयां दी जाती हैं, ताकि उनमें भविष्य में टीबी बीमारी विकसित होने के जोखिम को कम किया जा सके।

टीबी की पुष्टि होने वाले मरीजों को शासन द्वारा उपलब्ध सभी सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रत्येक टीबी मरीज को उपचार अवधि के दौरान एक हजार रूपए प्रतिमाह की दर से 6 माह तक पोषण सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर सामाजिक सरोकार के अंतर्गत मरीजों को 500 रूपए मूल्य का फूड बास्केट भी उपलब्ध कराया जा रहा है।



सर्वे करते स्वास्थ्य विभाग की टीम।

25 को सरगुजा पहुंचेगी डब्ल्यूएचओ

जिले के नोडल अधिकारी डॉ.शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि बतौली विकासखंड को टीबी मुक्त घोषित किए जाने की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर निर्धारित मापदंडों के आधार पर विस्तृत मूल्यांकन किया जा रहा है। इस दौरान टीबी मरीजों की पहचान, जांच, उपचार, फॉलो-अप तथा उन्हें शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं एवं सेवाओं का बारीकी से आकलन किया जाएगा। मूल्यांकन की प्रक्रिया तीन चरणों में की जा रही है। प्रथम चरण में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम से जुड़े विभागीय एवं मैदानी अमले द्वारा क्षेत्र का प्रारंभिक मूल्यांकन किया गया। द्वितीय चरण में राज्य स्तरीय टीम द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर बतौली विकासखंड का आंकलन किया गया। अब तृतीय एवं महत्वपूर्ण चरण में 25 सितंबर को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) एवं जपाइगो की संयुक्त टीम बतौली क्षेत्र का भ्रमण कर कार्यक्रम की गतिविधियों का विस्तृत सत्यापन एवं मूल्यांकन करेगी। टीम द्वारा टीबी मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, जांच एवं उपचार व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण, सामुदायिक सहभागिता तथा टीबी उन्मूलन से संबंधित अन्य निर्धारित संकेतकों की गहन समीक्षा की जाएगी।

अनियमितताओं पर सूरज भारत गैस एजेंसी को जिला प्रशासन ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

- सहायक खाद्य अधिकारी समेत चार सदस्यीय टीम ने किया निरीक्षण
- ग्रामीणों ने कलेक्टर से की थी शिकायत

गैस एजेंसी संचालक के खिलाफ की गई शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर पहुंची जिला स्तरीय टीम ने सूरज भारत गैस एजेंसी की जांच की। जांच में बड़े पैमाने पर अनियमिताएं सामने आई जिसके बाद उसे सील कर दिया गया है। इसके साथ ही इस मामले में जांच चल रही है।

बता दें कि विकासखंड में संचालित सूरज भारत गैस एजेंसी के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी कि गैस वितरण में उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, ओवर चार्जिंग के नाम पर मनमाने तरीके से राशि वसूली जा रही है, उपभोक्ताओं को धमकी देने के साथ ही अन्य अनियमितताएं की जा रही है। ग्रामीणों ने अम्बिकापुर पहुंचकर मामले की शिकायत कलेक्टर से की थी जिसके बाद कलेक्टर ने जांच के निर्देश दी थे। शिकायत के बाद बुधवार को कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर जांच टीम उदयपुर पहुंची थी। कलेक्टर के निर्देश पर गठित जांच टीम में सहायक खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव के साथ खाद्य निरीक्षक सतपाल सिंह कंवर, राजन कश्यप और नवीन सिंह ने सूरज भारत गैस एजेंसी की जांच की। जांच के दौरान टीम को प्रथम दृष्टया कई शिकायतों से संबंधित अनियमितताएं मिलीं। इसके बाद जांच टीम ने गैस एजेंसी को सील कर दिया। टीम ने एजेंसी में पहुंचकर दस्तावेजों, गैस सिलेंडरों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं से संबंधित शिकायतों की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान उपभोक्ताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार तथा रिफिल उपलब्ध कराने के लिए उसी मोबाइल नंबर की मांग किए जाने से संबंधित शिकायतें भी सामने आईं। इसके अलावा घर पहुंच सेवा के नाम पर उपभोक्ताओं से 25 रुपये अतिरिक्त राशि लिए जाने को भी जांच टीम ने गलत पाया। एजेंसी से जुड़े करीब 15 हजार उपभोक्ताओं के लिए महज दो वाहनों से गैस वितरण किए जाने की व्यवस्था पर भी जांच टीम ने सवाल उठाए। जांच के दौरान एजेंसी परिसर में गैस से संबंधित स्टॉक और भंडारण व्यवस्था की भी जांच की जा रही है।



स्टॉक में भी मिली गड़बड़ी

जांच टीम को एजेंसी में रेगुलेटर सहित करीब 101 की मात्रा में स्टॉक मिला, जिसमें 108 डिफेक्ट बताए गए हैं। स्टॉक और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। इसके अलावा एजेंसी से जुड़े एक अवैध भंडारण की जानकारी भी जांच के दौरान सामने आई है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद हुई इस कार्रवाई से गैस उपभोक्ताओं के बीच भी मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। सहायक खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव ने बताया जांच टीम द्वारा शिकायत में लगाए गए प्रत्येक आरोप और एजेंसी में पाई गई अनियमितताओं की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। दस्तावेजों, स्टॉक, वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं से संबंधित रिकॉर्ड का परीक्षण किया जा रहा है। जांच के दौरान कई अनियमितताएं पाए जाने के बाद टीम ने सूरज भारत गैस एजेंसी को सील कर दिया।

मवेशी तस्करी में फरार 13वां आरोपी गिरफ्तार पिकअप से मवेशी ले जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले के रघुनाथनगर थाना अंतर्गत बलंगी पुलिस चौकी ने मवेशी तस्करी के मामले में फरार चल रहे 13वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया है। इस मामले में पुलिस पूर्व में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस के अनुसार 19 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सात पिकअप वाहनों में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर बूचड़खाने ले जाया जा रहा है। तस्करों का एक व्यक्ति सफेद रंग की ग्रैंड विटारा कार क्रमांक सीजी 30 जी 5161 से आगे चलकर रेकी कर रहा था। सूचना पर बलंगी चौकी के सामने वाहन चेकिंग शुरू की गई। चेकिंग के दौरान कार के पीछे सात पिकअप वाहन आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर कुछ वाहन कच्चे रास्ते से भागने लगे। पीछा कर दो पिकअप वाहन एमपी 66 जेडएफ 2498 और एमपी 53 जेडडी 3982 को पकड़ा गया। दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए थे। पिकअप में सात-सात भैंस और भैंसी को रस्सियों से बांधकर ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। पुलिस ने दोनों वाहनों और मवेशियों को जब्त कर कार्रवाई शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जबकि अन्य आरोपी फरार थे। इसी बीच फरार आरोपी एमपी सिंगरौली जियावन निवासी 40 वर्षीय मो. दिलजान अहमद अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने घटना में अपने पिकअप वाहन के इस्तेमाल की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। मामला बीएनएस की धारा 111(1)(2), छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज है।



मधुमक्खियों के हमले से एक ही परिवार के चार लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मधुमक्खियों के हमले से एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। घायलों में वृद्धा व बच्चे शामिल है। मधुमक्खियों ने उस समय हमला किया जब परिवार के कुछ लोग खेत में काम कर रहे थे जबकि कुछ लोग मवेशी चरा रहे थे। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां वृद्धा की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम देवटिकरा निवासी अजय यादव (40 वर्ष) मंगलवार की शाम 4 बजे अपने बड़े भाई प्रताप यादव (42 वर्ष) के साथ खेत के समीप मवेशी चरा रहा था। इसी दौरान अजय की मां मोहरमनिया (65 वर्ष) व उसकी चार वर्षीय बेटी आरती उड़द के खेत में काम कर रहे थे। खेत समीप पेड़ में मधुमक्खियों का छत्ता था। अचानक मधुमक्खियां आक्रामक हो गईं और चारों पर हमला कर दिया। हमले के दौरान अजय ने अपनी बेटी आरती को गोद में लेकर उसे बचाने का प्रयास किया। इसके बावजूद मधुमक्खियों ने अजय के पूरे शरीर पर हमला कर दिया और उसकी मां मोहरमनिया को भी बुरी तरह डंक मारकर घायल कर दिया।अचानक मधुमक्खियों के हमला करने से प्रताप भी घायल हो गया। मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए सभी लोग घर की ओर भागने लगे। इसी दौरान ग्रामीणों ने अजय, उसकी बेटी और मां को कंबल से ढक कर मधुमक्खियों से बचाया। प्रताप किसी तरह भागकर घर पहुंचा। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से चारों को खमरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को लखनपुर अस्पताल भेज दिया। लखनपुर में चिकित्सकों ने सभी का उपचार करने के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां वृद्धा की हालत गंभीर होने पर उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जबकि अजय और प्रताप व बच्ची का मेडिकल वार्ड में उपचार चल रहा है।





जांच के बाद कलेक्टर ने दिए अपराध दर्ज करने के निर्देश, शासन के खाते में दर्ज होगी भूमि

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किया जा रहा था रिंग बांध पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप स्थित रिंग बांध तालाब की 57 डिसमिल जमींन पर कब्जा कर पाटने के मामले में कलेक्टर अपराध दर्ज करने के निर्देश दिए है। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भूमि का अंतरण कराया गया और अवैध रूप से तालाब को पाटने का काम किया जा रहा था। बड़ी बात यह है कि इसी मामले में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने गई टीम के साथ गाली गलौज करने के मामले में पहले से ही एक अपराध दर्ज है। वहीं कलेक्टर ने भूमि को फिर से शासन के मद में निहित करने के निर्देश भी दिए है।

बता दें कि शहर के रिंग बांध तालाब को अवैध रूप से पाटने का मामला समने आया था। खसरा न. 3714 रकबा 0.231 हे. में सूरजपुर जिले के जयनगर निवासी आजाद ईराकी आ. रियाजुददीन द्वारा अवैध मिटटी भर कर समतलीकरण कर दिया गया था। इस मामले के सामने आने के बाद प्रशासन ने तालाब को पाटने पर रोक लगा दी थी। इसके साथ ही यह बात सामने आई थी कि रिंगबांध का कुल रकबा प्रशासन के रिकार्ड में 6.25 एकड़ निस्तार मद में दर्ज है। इस तालाब के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया गया है। इसमें से 57 डिसमिल जमीन को जनवरी 2026 में आजाद इराकी के नाम पर रजिस्ट्री करा ली गई थी। इसके बाद भू माफिया तालाब को पाट रहे थे। मामले की शिकायत भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने की थी जिसके बाद कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर एसडीएम द्वारा जांच की जा रही थी। जांच के दौरान भी यह बात सामने आई कि उक्त भूमि अधिकार अभिलेख वर्ष 1954-55 के पूर्व से जैलाल पिता बोधन गोंड़ के नाम पर दर्ज था। उक्त भूमि को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अनियमितता करने की बात सामने आई। जांच के दौरान अधिकारियों ने ननि से जैलाल के मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी मागी। इस दौरान ननि की ओर से जानकारी प्रदान की गई कि जैलाल पिता बोधन की मृत्यु 23 अप्रैल 1976 से संबंधित प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम अम्बिकापुर में दर्ज नहीं था और न ही निगम द्वारा जारी किया गया था।

कई लोगों के नाम आए सामने

जांच प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अमलभिट्ठी के पटवारी द्वारा जैलाल पिता देवराम के वारिसों की जानकारी तैयार कर दी गई थी, लेकिन उक्त जानकारी का उपयोग जैलाल पिता बोधन के वारिसों के संबंध में करते हुए राजस्व अभिलेखों में फौती नामांतरण की कार्रवाई कराई गई। एसडीएम के जांच प्रतिवेदन में चन्द्रशेखर यादव आ. स्व. जगतपाल यादव तथा आजाद इराकी आ.रियाजुद्दीन इराकी की भूमि अंतरण में भूमिका का उल्लेख किया गया है। इसके साथ ही अन्य विक्रेताओं नोहरसाय, रामकुमार, श्रीलाल, पूर्णिमा, जनकुंवर, चन्द्रभान यादव एवं मीरा यादव की संलिप्तता भी जांच प्रतिवेदन में प्रतीत होना बताया गया है। ग्राम पंचायत अमलभिट्ठी के तत्कालीन संबंधित सरपंच एवं सचिव की भूमिका को भी जांच में संदेहास्पद बताया गया है। जांच प्रतिवेदन में अनुसूचित जनजाति वर्ग की उक्त भूमि के अंतरण में फर्जी एवं दोषपूर्ण दस्तावेजों के आधार पर छल-कपट एवं धोखाधड़ी किए जाने का उल्लेख किया गया है। इसके आधार पर कलेक्टर ने तहसीलदार अम्बिकापुर को संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराकर पालन प्रतिवेदन अविलंब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन द्वारा प्रकरण में राजस्व अभिलेखों एवं जांच प्रतिवेदन के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई करते हुए उक्त भूमि को विधिवत शासन में निहित करने की प्रक्रिया भी की जाएगी।

बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाईन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 25/09/2026, शुक्रवार
टीप- कृपया अभ्यर्थी B.Ed. काउंसलिंग में 25 अन्य कॉलेजों का विकल्प चयन करें।
अन्य कोर्सेस - BA, BCOM, BCA, BBA, DCA, BSC (Maths & Biology), PGDCA
गोकुल नगर पुलगॉव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
मो. - 9098849923, 9340311314, 9303893829, 9300850065

Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

खबर संक्षेप

आज मुख्य बाजार में चलेगा स्वच्छता अभियान

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ शहर में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान का आयोजन 24 सितंबर 2026 को किया जाएगा। नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ द्वारा आयोजित इस अभियान का उद्देश्य शहर के प्रमुख बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर की अध्यक्षता में 24 सितंबर को नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ के मुख्य बाजार क्षेत्र में सेवा संकल्प स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

शहीद दयाल के बलिदान को किया गया नमन



बैकुण्ठपुर। अमर शहीद दयाल पनिका के 84वें शहादत दिवस के अवसर पर वार्ड क्रमांक 6 सामुदायिक भवन शिवपुर चर्चा में श्रद्धांजलि एवं शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजाराम जांता जिला अध्यक्ष पनिका समाज के द्वारा शहीद दयाल पनिका के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके बलिदान को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने शहीद दयाल पनिका के जीवन परिचय, संघर्ष और देशहित में दिए गए उनके बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि शहीदों का जीवन समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके त्याग, संघर्ष और आदर्शों को आत्मसात कर युवा समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। शहीद दयाल पनिका के जीवन एवं संघर्ष पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं से शहीद के आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

संयुक्त प्रशासनिक परिसर बनाने की उठी मांग, पुराने कार्यालय क्षेत्र में बने बहुमंजिला परिसर

28 साल बाद भी जर्जर भवनों में चल रहे दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला गठन के करीब 28 वर्ष बाद भी जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के कई महत्वपूर्ण जिला एवं ब्लॉक स्तरीय शासकीय कार्यालय जर्जर, रियासतकालीन अथवा दशकों पुराने भवनों में संचालित हो रहे हैं।

कई कार्यालय आज भी वर्ष 1998 में जिला गठन के समय की गई वैकल्पिक व्यवस्था वाले भवनों में ही चल रहे हैं। वहीं कुछ कार्यालय किराए अथवा अन्य विभागों के भवनों में संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे में शहरवासियों ने बैकुंठपुर में उपलब्ध शासकीय भूमि का समुचित उपयोग करते हुए बहुमंजिला संयुक्त प्रशासनिक परिसर विकसित करने की मांग उठाई है। जानकारी के अनुसार तहसील, एसडीएम, जिला रोजगार, जिला आयुर्वेद, जिला शिक्षा, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास परियोजना, रेशम, आरईएस तथा सिंचाई विभाग सहित कई कार्यालयों की भवन संबंधी स्थिति बेहतर नहीं है। कुछ भवनों की स्थिति इतनी जर्जर बताई जा रही है कि वहां काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की सुरक्षा के साथ महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है।













सिविल लाइन फिर प्रशासनिक केंद्र बनें

युवा राजीव गुप्ता का कहना है कि संयुक्त प्रशासनिक परिसर बनने से आम नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा और विभागों के बीच समन्वय भी मजबूत होगा। सीमित होती जा रही शासकीय भूमि का बहुमंजिला निर्माण के माध्यम से बेहतर उपयोग किया जा सकेगा। इससे बैकुंठपुर की पुरानी सिविल लाइन, जहां वर्तमान में प्रशासनिक एवं व्यावसायिक गतिविधियां अपेक्षाकृत कम हो गई हैं, को फिर से प्रशासनिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने में मदद मिल सकती है। शहरवासियों ने कलेक्टर से उपलब्ध शासकीय भूमि का परीक्षण कराने तथा जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों और नागरिकों से सुझाव लेकर इस दिशा में दीर्घकालिक योजना तैयार करने की मांग की है।

कार्यालय हटे तो खाली जमीन का भी हो उपयोग

नए प्रशासनिक भवन बनने के बाद वर्तमान कार्यालयों से खाली होने वाली जमीन का उपयोग शहर की जरूरतों के अनुसार करने का सुझाव दिया गया है। एसपी कार्यालय निर्माण के समय पीजी महाविद्यालय की जमीन पर संचालित जिला शिक्षा कार्यालय को नए परिसर में स्थानांतरित कर महाविद्यालय की जमीन वापस किए जाने की दिशा में भी पहल की जा सकती है। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग की जमीन का उपयोग शहर की जरूरत के अनुरूप व्यवस्थित सब्जी मंडी विकसित करने के लिए किए जाने की संभावनाओं का परीक्षण किया जा सकता है।

हल्दीबाड़ी-डोमनहिल मार्ग पर पड़ी रेत-गिट्टी से आए दिन हो रहे हादसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

चिरमिरी क्षेत्र के हल्दीबाड़ी-डोमनहिल मार्ग पर छठ घाट के पास निर्माण कार्य के लिए सड़क पर रखी गई रेत, गिट्टी राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। सड़क पर निर्माण सामग्री बिखरी होने के साथ ही पर्याप्त रोड लाइट नहीं होने से रात के समय दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में इस स्थान पर दोपहिया वाहन चालकों के फिसलकर गिरने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बता दे कि बीते शाम करीब 7 बजे पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी राकेश पाराशर डोमनहिल मार्ग से मोटरसाइकिल से गुजर रहे थे। इसी दौरान सड़क पर रखी रेत और गिट्टी के ऊपर से मोटरसाइकिल फिसल गई, जिससे वे सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोट आने की जानकारी सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर फैली निर्माण सामग्री और अंधेरा दुर्घटना का प्रमुख कारण बना। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी स्थान पर बीते रविवार को भी एक मोटरसाइकिल सवार के गिरने की घटना सामने आई थी। इसके अलावा पूर्व में भी सड़क पर रेत, गिट्टी और मिट्टी पड़े रहने के कारण दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं होती रही हैं। इसके बावजूद सड़क से निर्माण सामग्री हटाने और मार्ग को सुरक्षित बनाने की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि हल्दीबाड़ी-डोमनहिल मार्ग पर दिन के समय तो सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री किसी तरह दिखाई दे जाती है, लेकिन रात में पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण वाहन चालकों को इसका अंदाजा नहीं लग पाता।

नमो सेवा गाथा के माध्यम से विद्यार्थियों ने जागरूकता का संदेश

बैकुण्ठपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा एवं समर्पण के 25 वर्षों की यात्रा को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नमो सेवा गाथा कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद विद्यालय, पटना में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रभावी प्रस्तुति दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सेवा, समर्पण, सामाजिक जागरूकता एवं जनभागीदारी का संदेश आमजन तक पहुंचाया गया। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से सेवा भावना और समाज के प्रति जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित किया। प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों, विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को प्रेरित किया। अतिथियों एवं विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, एल्डरमैन जवाहर लाल गुप्ता, एसएमसी अध्यक्ष ऋषभ शाही, वरिष्ठ नागरिक सुनील सिंह, एल्डरमैन रितेश सिंह, सरपंच करजी राजेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि अंशु देवांगन, शैक्षिक समन्वयक अशोक गुप्ता, प्राचार्य डी.के. सिंह, सुनील जायसवाल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



घर-घर स्क्रीनिंग, एक्स-रे एवं आधुनिक जांच अभियान तेज

बैकुण्ठपुर। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त छ.ग. की दिशा में कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड में अभियान को और तेज किया गया है। छ.ग. में टीबी मुक्त विकासखंड की दिशा में चयनित चार विकासखंडों में सोनहत को भी शामिल किया गया है। अब विकासखंड में किए जा रहे कार्यों और उपलब्धियों का निर्धारित मानकों के आधार पर राज्य स्तरीय मूल्यांकन किया जाएगा। इसके लिए राज्य द्वारा नामांकित जिला सूरजपुर की टीम सोनहत पहुंचकर अभियान की जमीनी स्थिति का आकलन करेगी। टीबी मुक्त विकासखंड के लिए निर्धारित प्रमुख मानकों में प्रति एक हजार जनसंख्या पर एक या उससे कम टीबी मरीज होना शामिल है। इसके साथ ही प्रत्येक एक हजार की आबादी में पर्याप्त संख्या में संभावित टीबी मरीजों की जांच किया जाना, उपचार की सफलता दर 90 प्रतिशत या उससे अधिक होना तथा सभी चिन्हित टीबी मरीजों को पोषण आहार की उपलब्धता सुनिश्चित होन भी महत्वपूर्ण है।

न्यायालय तहसीलदार सीतापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क. /ब-121/2025-26

// ईश्तेहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लिबिर साय आ.लोदेया जाति उरांव निवासी ग्राम-रजौटी तहसील सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. मैं के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के स्वयं लिबिर साय का दिनांक 01/07/1968 को जन्म ग्राम रजौटी में हुआ है। जन्म-मृत्यु पंजी में नाम दर्ज नहीं करा पाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आवेदक को जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता शासकीय कार्य हेतु पड रहा है। जिसके लिये जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन के साथ अनुपलब्धता प्रमाण पत्र अंकसूची एवं चालान की प्रति प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

अतः इस संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 01/10/2026 तक न्यायालयीन समय में पेश कर सकते हैं। समय सीमा बाद प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

दिनांक 16/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन सील मुद्रा से जारी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
अधिकारी, सीतापुर

कार्यालय तहसीलदार लखनपुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

लखनपुर दिनांक-17.09.2026

// ईश्तहार //

प्रति
समस्त ग्रामवासी ग्राम उमरौली तहसील लखनपुर

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक दुहन यादव आ. स्व. देवनाथ द्वारा अपनी माता लाली की मृत्यु दिनांक 06.10.2009 को हो जाने से (जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग.जन्म-मृत्यु रिज.नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण हेतू आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिस पर दिनांक 05.10.26 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वो न्यायालय में पेशी दिनांक 05.10.2026 को अपने अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है निर्धारित समय के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा ।

आज दिनांक 17.09.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
लखनपुर

कार्यालय तहसीलदार लखनपुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

लखनपुर दिनांक-17.09.2026

// ईश्तहार //

प्रति
समस्त ग्रामवासी ग्राम उमरौली तहसील लखनपुर

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक दुहन यादव आ. स्व. देवनाथ द्वारा अपने पिता देवनाथ की मृत्यु दिनांक 10.04.2011 को हो जाने से (जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म मृत्यु रिज.नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण हेतु आवेदन इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया है। जिस पर दिनांक 05.10.26 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वो न्यायालय में पेशी दिनांक 05.10.2026 को अपने अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है निर्धारित समय के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा ।

आज दिनांक 17.09.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
लखनपुर

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, मोनिका कुजूर पति फुलसाय कुजूर उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम रजौटी थाना सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार कार्ड न. 525129963738 है मेरा नाम मुनिका कुजूर है (Munika Kujur) अंकित हो गया है जन्म तिथि 06.05.1985 है जिसे मै परिचय पत्र क्रमांक GNW0666180 के आधार पर नाम सुधार कराना चाहती हूं। जो कि परिचय पत्र मे मेरा नाम सही है। मेरा आधार कार्ड मे नाम मोनिका कुजूर के जगह मे ।। मुनिका कुजूर हो गया है मेरे अन्य समस्त दस्तावेज में मोनिका कुजूर (Monika Kujur) है जो सत्य एवं सही है। मेरा आधार कार्ड मे मात्रा सुधारने के लिए शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हू। जो कि सत्य एवं सही है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
मोनिका कुजूर
पति फुलसाय कुजूर
निवासी- ग्राम रजौटी थाना सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग.

राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़, बिलासपुर

नोटिस

क्रमांक 105 / वाद/अ/रा.म./2026 बिलासपुर, दिनांक 18/09/2026

पुनरीक्षण प्रकरण कमांक RN/16/R/अ-6-अ/12/2025
पेशी दिनांक 07.10.2026

सुशील कुमार अग्रवाल ---- पुनरीक्षणकर्तागण
विरूद्ध
संजय कुमार गुप्ता वगैरह ----- अनावेदकगण

प्रति,
1. प्रकाश कुमार अग्रवाल, आ. शंकरलाल अग्रवाल
2. श्रीमती गीता गुप्ता, पति स्व. रमेश गुप्ता
3. अनंत गुप्ता, आ. स्व. रमेश गुप्ता
4. आरूषी गुप्ता, आ. स्व. रमेश गुप्ता सभी निवासी-सीतापुर तहसील सीतापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

पुनरीक्षणकर्ता सुशील कुमार अग्रवाल आ. खुशी राम अग्रवाल निवासी ग्राम सुन्दरनगर आमाटोली तहसील सीतापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा आयुक्त, सरगुजा संभाग अम्बिकापुर (छ.ग.) के रा.प्र.क्र. 201911960100014/30/अ-6-अ/2019-20 में पारित आदेश दिनांक 24/12/2024 के विरुद्ध छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा-50 के तहद इस न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत की है। जिसकी सुनवाई दिनांक 07/10/2026 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में नियत है। अतः इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता, जो मामले की पूर्ण जानकारी रखते हों, के माध्यम से पेशी तारीख 07/10/2026 दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्य दिवस पर इस न्यायालय में उपस्थित होवें।

दिनांक – 18/09/2026
(माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आदेशित)

अवर सचिव
राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़
बिलासपुर

मेडिकल स्टोर की अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त

बैकुण्ठपुर। खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला कोरिया ने बिशुनपुर स्थित क्योर मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षण के दौरान पाई गई विभिन्न अनियमितताओं के मामले में कड़ी कार्रवाई की है। औषधि अनुज्ञापन अधिकारी जितेंद्र पाटीदार द्वारा जारी आदेश के तहत मेडिकल स्टोर की औषधि अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई है। औषधि निरीक्षक आलोक मिंज द्वारा किए गए निरीक्षण एवं प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान मेडिकल स्टोर में सक्षम व्यक्ति यानी फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति पाई गई। इसके अलावा नियमानुसार क्रय-विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने तथा आवश्यक अभिलेखों का संधारण नहीं किए जाने संबंधी अनियमितताएं सामने आईं। शेड्यूल एच-1 श्रेणी की दवाओं के क्रय-विक्रय का रिकॉर्ड भी नियमानुसार संधारित नहीं पाया गया। जांच के दौरान मिफ्टी किट, प्रेगा एंड किट सहित एमटीपी/गर्भपात किट भी पाए जाने का उल्लेख आदेश में किया गया है। इन दवाओं के क्रय-विक्रय से संबंधित बिल प्रस्तुत नहीं किए गए। आदेश में कहा गया है कि मिफेप्रिस्टोन एवं मिसोप्रोस्टोल जैसे संवेदनशील अवयव वाली दवाओं के क्रय-विक्रय एवं अभिलेखों का विधि के अनुरूप संधारण आवश्यक है। इनसे संबंधित प्रावधानों का पालन चिकित्सा एवं नियामकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उक्त

- **जांच में फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति, बिल व शेड्यूल एच-1 दवाओं के रिकॉर्ड नहीं मिले**

अनियमितताओं के परीक्षण के बाद सक्षम प्राधिकारी ने क्योर मेडिकल स्टोर्स की औषधि अनुज्ञप्ति निरस्त करने का आदेश जारी किया है। आदेश में संबंधित प्रावधानों के तहत अनुज्ञप्ति निरस्त किए जाने के साथ नियमानुसार अपील का प्रावधान भी उल्लेखित किया गया है। कोरिया जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष शैलेश कुमार गुप्ता ने कहा कि संगठन एनआरएक्स श्रेणी की दवाओं तथा एमटीपी किट जैसी संवेदनशील दवाओं के संबंध में जानबूझकर की गई अनियमितता या नियमों के उल्लंघन को संरक्षण नहीं देता। दवा विक्रेताओं की जिम्मेदारी दवाओं की सुरक्षित एवं वैधानिक व्यवस्था सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शेड्यूल एच/एच1 सहित अन्य वैधानिक प्रावधानों, रिकॉर्ड संधारण और बिलिंग संबंधी नियमों के पालन के लिए संगठन द्वारा समय-समय पर सदस्यों को जागरूक किया जाता है। मानवीय त्रुटि अथवा परिस्थितिजन्य गलती होने पर नियमों के तहत उपलब्ध वैधानिक प्रावधानों के अनुसार सहयोग का दृष्टिकोण रखा जाना चाहिए, लेकिन जानबूझकर दवाओं का दुरुपयोग, अनधिकृत बिक्री अथवा समाज एवं युवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कृत्यों को संरक्षण नहीं दिया जाएगा। संघ ने शासन से नर्सिंग होम, क्लीनिक, झोलाछाप चिकित्सकों तथा किराना एवं जनरल स्टोर्स जैसे संभावित स्रोतों की भी प्रभावी जांच करने की मांग की है, जहां आवश्यक अनुज्ञप्ति के बिना दवाओं की बिक्री या वितरण की संभावना हो। संघ ने कहा कि अवैध दवा बिक्री पर नियंत्रण के लिए ऐसी कार्रवाई जनस्वास्थ्य एवं समाजहित में आवश्यक है।

जिला अस्पताल में निःशुल्क बधिरता जांच एवं परामर्श शिविर कल

बैकुण्ठपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने की दिशा में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह के अवसर पर विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में 25 सितंबर 2026, शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक निःशुल्क बधिरता जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित होगा। भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह 21 से 27 सितंबर 2026 तक मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'बधिर व्यक्तियों के मानवाधिकारों की घोषणा' है। शिविर के माध्यम से श्रवण संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान, उपचार एवं आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जिलेवासियों से अपील की है कि श्रवण संबंधी समस्या वाले व्यक्ति एवं उनके परिजन अधिक से अधिक संख्या में जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर पहुंचकर इस निःशुल्क शिविर का लाभ लें। उन्होंने कहा कि समय पर जांच एवं उचित परामर्श से श्रवण संबंधी समस्याओं की पहचान और उपचार में मदद मिल सकती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह के मार्गदर्शन तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।






















ब्रम्ह रोड चम्बोथी तालाब सेवा समिति।



जयस्तंभ चौक सीतापुर।



मध्यनगरी गणेश पूजा समिति सीतापुर।



सार्वजनिक गणेश पूजन समिति बस स्टैंड सलका।

खबर संक्षेप

कार्फ़बॉल प्रीमियर लीग में खेल रही सरगुजा की बेटी प्रज्ञा मिश्रा

अंबिकापुर। भारत की पहली प्रोफेशनल कॉर्फ़बॉल प्रीमियर लीग में सरगुजा की बेटी प्रज्ञा मिश्रा अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। प्रज्ञा तेलुगू



लीजेंड्स टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। देश के साथ ही विदेशों से आए खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली इस बड़ी प्रतियोगिता में सरगुजा की बेटी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलना पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। केपीएल के पहले सीजन में 8 फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा ले रही हैं और 112 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हैं। इनमें बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो 20 से अधिक देशों से पहुंचे हैं। ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया सहित कई देशों के खिलाड़ियों के साथ प्रज्ञा का इस बड़े मंच पर खेलना सरगुजा के लिए विशेष उपलब्धि है। कॉर्फ़बॉल प्रीमियर लीग को इस बार बड़ा प्रसारण मंच मिला है। देश-विदेश के खिलाड़ियों के बीच प्रज्ञा का प्रदर्शन सरगुजा के खेल प्रेमियों के लिए भी खास आकर्षण बना हुआ है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने कहा कि कॉर्फ़बॉल भारत में 1979 में आया और 1980 में भारत अंतरराष्ट्रीय कॉर्फ़बॉल महासंघ से जुड़ा। आज इसी खेल की प्रोफेशनल लीग में सरगुजा की बेटी प्रज्ञा मिश्रा का प्रतिनिधित्व करना जिले के लिए गर्व की बात है।

सर्वेश्वरी समूह के स्थापना दिवस पर निकाली गई प्रभात फेरी



वाड्रफनगर। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा द्वारा सोमवार को समूह का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्य किए गए। स्थापना दिवस पर 12 घंटे अखंड संकीर्तन, प्रभात फेरी, ध्वज पूजन एवं ध्वजारोहण के साथ सफलयोनि पाठ, गोष्ठी तथा प्रसाद वितरण किया गया। प्रभात फेरी में अवधूत भगवान राम का चित्र सज्जित वाहन आगे तथा पीछे श्रद्धालु चल रहे थे। प्रभात फेरी प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए आश्रम परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। सफलयोनि पाठ उपरांत अघोरेश्वर की पूजा उपरांत ध्वजारोहण किया गया। स्थापना दिवस पर स्वच्छता के लिए मंदिर, मस्जिद एवं गिरजाघर में झाड़ू वितरित किया गया वहीं सरकारी अस्पताल एवं वृद्धाश्रम में मरीजों उनके परिजन तथा वृद्धजनों को फल एवं ब्रेड वितरित किया गया।

जनदर्शन में जिपं सीईओ ने सुनी लोगों की समस्याएं, त्वरित निराकरण के निर्देश



सूरजपुर। जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र पाटले ने जनदर्शन में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रत्येक आवेदक से उनकी समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनकर प्राप्त आवेदनों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक आवेदन का शीघ्र निराकरण करें तथा आवेदकों को उनके प्रकरण की स्थिति से भी अवगत कराएं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर नयन तारा सिंह तोमर एवं अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनपद उपाध्यक्ष ने मंत्री रामविचार नेताम से की छात्रावासों में सीट बढ़ाने की मांग



कुसमी। जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी द्वारा जनपद अंतर्गत भौगोलिक दृष्टि को देखते हुए यहां पर संचालित सभी प्रकार के आवासीय छात्रावास में सीट कम होने तथा गरीब आदिवासी बालक, बालिकाओं के छात्रावास में एडमिशन नहीं पर छात्रावास में सीट बढ़ाने की मांग की है। कुसमी जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी ने इस संबंध में मंत्री रामविचार नेताम को लिखित आवेदन देकर छात्र छात्राओं की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए सभी आवासीय छात्रावासों में पूर्व की अपेक्षा वर्तमान समय में सीट बढ़ाने की मांग की गई है। जिससे विकासखंड अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा गरीब छात्र, छात्राओं का सभी छात्रावासों में रहकर पढ़ाई करने का अवसर प्रदान हो सके।

उखड़ कर गिर रहे छत के प्लास्टर, बारिश में टपकता है पानी

जर्जर भवन में संचालित धौरपुर पशु चिकित्सालय,बढ़ी दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

इंसानों की भांति पशुओं को भी आपातकालीन सेवा समय पर मिले इसके लिए शासन द्वारा पशु चिकित्सालय की स्थापना की है। जहां घायल और बीमार पशुओं का समय पर उपचार मिल सके। इसी उद्देश्य से धौरपुर पशु चिकित्सालय की स्थापना वर्षो पूर्व की गई। हैरानी की बात तो यह है कि पशु चिकित्सालय की स्थापना हुए कई साल बीत गए परंतु भवन की मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में अब भवन की हालत काफी जर्जर हो चुकी है। इधर छत से टपकता पानी, उखड़ चुका प्लास्टर और दिखाई दे रही जंग लगी सरिया के अलावा डॉक्टर की नियमित अनुपस्थिति को लेकर ग्रामीणों में काफी नाराजगी है।

खास बात

- पशुपालक सहित कर्मचारियों की बढ़ी परेशानी

लुंड्रा ब्लॉक के ग्राम धौरपुर स्थित शासकीय पशु चिकित्सालय की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में चिंता और नाराजगी है। अस्पताल भवन लंबे समय से मरम्मत के अभाव में जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। भवन की छत से बारिश का पानी टपकने के साथ कई स्थानों पर सीमेंट और प्लास्टर उखड़ चुके है। कुछ हिस्सों में छत के अंदर लगी सरिया भी दिखाई देने लगा है। ऐसे में अस्पताल में आने वाले पशुपालकों और वहां कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान अस्पताल की छत से कई जगह पानी टपकता है। छत और दीवारों पर नमी के निशान दिखाई देते हैं तथा कई स्थानों पर प्लास्टर पूरी तरह उखड़ चुका है। ऐसे में समय रहते भवन की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी छत या प्लास्टर का हिस्सा गिरने से दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पशु चिकित्सालय भवन का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराया जाए। जर्जर हिस्सों की मरम्मत कराई जाए और यदि भवन असुरक्षित पाया जाता है तो वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। साथ ही अस्पताल में नियमित डॉक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा पशुपालकों को समय पर उपचार उपलब्ध कराई जाए।



जर्जर पशु चिकित्सा भवन।

नदारद रहते है चिकित्सक

ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से भवन की स्थिति दयनीय हो गई है उसी तरह पशु चिकित्सालय की व्यवस्था बदहाल हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पशु चिकित्सालय में पदस्थ वीएएस डॉ. उषा किरण भगत कई महीनों से नियमित रूप से अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं। वहीं एवीएफओ निशा गुप्ता को लेकर भी ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वे कार्यालय आकर हस्ताक्षर करने के बाद वापस चली जाती हैं। हालांकि क्षेत्रीय अधिकारी राधे राम स्वास्थ्य खराब होने के कारण अवकाश पर हैं।

डॉक्टर के अभाव में इलाज पर पड़ रहा असर

ग्रामीणों के मुताबिक अस्पताल में कार्यरत पयून प्रियंका मिंज और बुधराम अपने निर्धारित समय पर पशु चिकित्सालय पहुंच कर अस्पताल खोलते हैं। वहीं ड्रेसर दुहन राम भी समय पर पहुंच कर अपना काम संभालते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कर्मचारियों की मौजूदगी के बावजूद यदि चिकित्सक नियमित रूप से उपलब्ध नहीं होंगे तो पशुओं का इलाज समय पर मिलना मुश्किल होगा।

इलाज के लिए दूर जाने को मजबूर पशुपालक

ग्रामीणों का कहना है कि धौरपुर सहित आसपास के गांवों के कई पशुपालक अपने मवेशियों के उपचार के लिए धौरपुर पशु चिकित्सालय पर निर्भर हैं। डॉक्टर की नियमित उपलब्धता नहीं होने के कारण कई बार बीमार पशुओं को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। ऐसे में बीमार पशुओं का समय पर उपचार नहीं मिलने से पशुओं के जान खतरा में पड़ जाता है। ऐसे में पशु पालक लंबी दूरी तय कर दूसरे पशु चिकित्सालय जाने को मजबूर है जिससे पशुपालकों को परेशानियों के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है।

कराई जाएगी जांच

पुश चिकित्सालय भवन जर्जर होने तथा चिकित्सकों के अनुपस्थित होने की शिकायत मिली है। भवन का निरीक्षण कराया जाएगा। साथ ही चिकित्सक अनुपस्थित रहते है तो इसकी जांच कराई जाएगी। अनुपस्थित पाए जाने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-राजेंद्र प्रसाद शुक्ला
डीडीवीएस



सुगम यातायात और व्यवस्थित पार्किंग को लेकर कैट एवं ननि की संयुक्त पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

त्योहार सीजन को देखते हुए शहर में सुगम यातायात, व्यवस्थित पार्किंग एवं सुरक्षित व्यापार व्यवस्था को लेकर कैट की टीम ने ननि आयुक्त विनय अग्रवाल से मिलकर बैठक की।

बैठक में शहर के प्रमुख एवं भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों में पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने तथा यातायात बाधित होने के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सहमति बनी कि आगामी दो माह के त्योहार सीजन में नगर निगम का उड़नदस्ता दल शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में नियमित निगरानी करेगा। दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान निकालने तथा वाहनों के अव्यवस्थित पार्किंग के कारण यातायात बाधित न हो, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कैट ने दशहरा एवं दीपावली के दौरान अग्नि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फायर ब्रिगेड की टीम को प्रमुख बाजार क्षेत्रों में मुस्तैद रखने का भी आग्रह किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि नगर निगम, पुलिस प्रशासन और कैट सरगुजा के समन्वय से शहर में ऐसी व्यवस्था विकसित करने का प्रयास किया जाएगा, जिसमें आम उपभोक्ताओं को परिवार सहित बाजार आने, पार्किंग करने और सुरक्षित वातावरण में खरीदारी करने की सुविधा मिले तथा व्यापारियों को भी व्यापार करने का अवसर प्राप्त हो। आयुक्त श्री अग्रवाल ने कहा कि कैट का सहयोग मिलता रहा तो "स्मार्ट मार्केटिंग" की दिशा में बेहतर व्यवस्था विकसित की जा सकती है, जिससे शहर के बाजार अधिक व्यवस्थित होंगे और आम जनता परिवार सहित सुविधाजनक एवं सुरक्षित तरीके से खरीदारी कर सकेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र तिवारी ने कहा कि त्योहार व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण समय है। व्यापार और ग्राहक सुविधा दोनों के बीच संतुलन बनाते हुए बाजार को व्यवस्थित रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कैट प्रशासन के साथ समन्वय कर लगातार सहयोग करेगा। बैठक में जिला अध्यक्ष रंजय स्वर्णकार, अजीत अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, धीरेंद्र अग्रवाल, वाहिद रहमानी, अभिषेक सिंह 'पिंटू', मुकेश शर्मा एवं महेंद्र सिंह टुटेजा उपस्थित थे।



गणेशोत्सव पर होटल मानस पैलेस में कवि सम्मेलन

अम्बिकापुर। गणेशोत्सव पर होटल मानस पैलेस में वरिष्ठ कवयित्री डॉ.पुष्पा सिंह के संयोजन में कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन गीतकार कृष्णकांत पाठक की सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। प्रकाश कश्यप ने गजानन आनंद के दाता, मुकुंदलाल साहू ने सब तेरी वंदन करें, मंगलमूर्ति गणेश, कृष्णकांत पाठक ने भगवान तेरे दर से मैं खाली तो न जाऊंगा, डॉ.पुष्पा सिंह ने कटुता है जिन रिश्तों में, मोदक सी मिठास भरें, देववंश दुबे ने प्रथम पूज्य, मोदक प्रिये, हे गणपति महाराज, दिग्विजय सिंह तोमर ने शंकर सुवन सुरपति, प्रथम पूज्य गणेश, भावना सिंह ने काहे कइला ए बाबूजी दुरंगी नीतियां, राजेश पाण्डेय ने बेटी ही सृष्टि और संसार है, मर्म सहित व्यवहार है, अजय सागर ने लाल किला हूं बोल रहा हूं, दर्द मैं दिल का खोल रहा हूं, श्यामबिहारी पाण्डेय ने जग में तमाशा बने जा रहा हूं, बन के मदारी जिए जा रहा हूं रचना सुनाई। कार्यक्रम का संचालन राजेश पाण्डेय एवं आभार प्रदर्शन डॉ.पुष्पा सिंह ने किया।

सूने मकान में चोरी करने वाले चार अपचारी बालक पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने चार विधि से संघर्षरत बालकों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मो बा इ ल फोन और आर्टिफिशियल ज्वेलरी बरामद किया है।

- चोरी की घटनाओं में अपचारी बालकों की संलिपतता में आई तेजी

बता दें कि शहर के चोपड़ापारा स्थित एक सूने मकान में चोरी की वारदात सामने आई थी। चोपड़ापारा निवासी विकास पाण्डेय ने गांधीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह ग्रेटर नोएडा में रहता है और उनकी सास अपने मकान को बंद वर्तमान में ग्रेटर नोएडा में गई हुई थी। इस बीच 20 सितम्बर को घर का माली जब वापस लौटा तो दरवाजा टूटा हुआ था और घर के अन्दर सामान बिखरा पड़ा था। सूचना के बाद विकाश पाण्डेय और परिवार के सदस्य चोपड़ापारा स्थित मकान पहुंचे। इस दौरान आलमारी के लॉकर से सोने की चेन, सोने की अंगूठी, तीन मोबाइल फोन तथा 1 लाख रूपए नगद चोरी होने की बात सामने आई। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कुछ नाबालिग घर में घुसकर चोरी करते नजर आए। ऐसे में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने विधि से संघर्षरत 4 अपचारी बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने सूने मकान में चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो नग मोबाइल फोन, आर्टिफिशियल ज्वेलर्स समेत 20 हजार का मशरुका जब्त किया। इसके साथ ही सोने के चैन और अन्य जेवरों के बारे में कोई जानकारी नहीं होने की बात कही। पुलिस ने मामले में चारों अपचारी बालकों को बीएनएस की धारा 331(3), 305 (ए), 238 एवं 3(5)के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर शशिकान्त सिन्हा, सउनि अभिषेक दुबे, आरक्षक राहुल सिंह, रमन मण्डल, केवल साहू, दिनेश यादव सक्रिय रहे।



सेवा किटी की बैठक में अभिरूचि केंद्र का शुभारंभ 11 अक्टूबर से करने का लिया गया निर्णय

अम्बिकापुर। सेवा किटी समूह की बैठक में तीज उत्सव की ऑनलाइन प्रतियोगिता का ड्रा निकाला गया। प्रतियोगिता में प्रथम ज्योति द्विवेदी, द्वितीय पुष्पा सोनी, तृतीय सत्या दुबे, विशेष पुरस्कार मधु चौदह, स्मिता तिवारी का चयन किया गया। बैठक में अभिरूचि केंद्र का शुभारंभ 11 अक्टूबर को रंगोली प्रशिक्षण से करने एवं बालिकाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। अभिरूचि केंद्र में मनोवैज्ञानिक परामर्श, कैरियर गाइडेंस, परिवार परामर्श की काउंसलिंग विषय विशेषज्ञ एवं अनुभवी प्रशिक्षक द्वारा की जाएगी। केंद्र में सप्ताह में 4 दिन 2 बजे से 6 बजे तक मेहंदी, सेल्फ मेकअप, संगीत, केक बनाने का प्रशिक्षण, हस्तशिल्प प्रशिक्षण, गोदना शिल्प प्रशिक्षण एवं सिलाई, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के 6 माह का डिप्लोमा कोर्स संचालित होगा। 11 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से शिवाजी चौक के समीप रंगोली प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। इस दौरान संयोजिका वंदना दत्ता पूनम जायसवाल, मिलन शर्मा ज्योति द्विवेदी, रेणुका उपाध्याय, सुधा तिवारी, सरिता भाटिया, नमिता चावला आदि उपस्थित थी।

खुटहनपारा सरना स्थल पर गूंजे कर्मा के गीत

राजपुर। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा समिति के तत्वावधान में खुटहनपारा स्थित सरना स्थल पर रविवार को विशाल कर्मा पूजा एवं कर्मा पर्व का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से पहुंचे हजारों समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे महिला-पुरुषों ने कर्मा नृत्य एवं गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर पूरे सरना स्थल को उत्सव के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह करीब 10 बजे सरना स्थल स्थित करम वृक्ष के समीप विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। मटरू राम लकड़ा एवं रामसाय लकड़ा ने कर्मा पूजा संपन्न कराई। इस दौरान कर्मा पर्व की धार्मिक मान्यता, परंपरा और प्रकृति से जुड़े महत्व पर कथा-कहानियां सुनाई गईं। पूजा-अर्चना के बाद पारंपरिक कर्मा नृत्य का दौर शुरू हुआ। माताओं एवं बहनों ने करम वृक्ष के चारों ओर सामूहिक रूप से कर्मा नृत्य करते हुए पारंपरिक गीत प्रस्तुत किए। नृत्य और गीतों ने उपस्थित लोगों को देर तक बांधे रखा।

- पारम्परिक रूप से मनाया गया कर्मा पर्व, विधायक व समाज के लोग हुए शामिल

कार्यक्रम में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। वहीं सामरी के पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, जनपद पंचायत राजपुर अध्यक्ष विनय भगत, नगर पंचायत कुसमी अध्यक्ष राजेंद्र भगत, लघु वनोपज संघ के जिला अध्यक्ष लालसाय मिंज सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अगुवा उपस्थित रहे। समाजजनों ने कहा कि कर्मा पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली आदिवासी संस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य और परंपराओं से जोड़ने में मदद मिलती है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक सहभागिता और उत्साह के साथ हुआ।



करमा पूजा पर गृह ग्राम बीरपुर में शामिल हुई मंत्री लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े अपने गृह ग्राम बीरपुर में आयोजित प्रकृति के पा व न ति हा र क र मा पूजा में शामिल हुईं। उन्होंने ग्रामीणजनों के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं विधि-विधानपूर्वक करम देव की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रकृति, संस्कृति और छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपराओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।बता दें कि करमा पूजा छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति और जनजीवन से गहराई से जुड़ा पारंपरिक पर्व है। यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, सामुदायिक एकता और लोक आस्था का प्रतीक माना जाता है। करम देव की पूजा के साथ ग्रामीणजन सुख-समृद्धि, अच्छी फसल और परिवार एवं समाज की खुशहाली की कामना करते हैं। पर्व के अवसर पर पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य और रीति-रिवाजों से गांव का वातावरण उल्लास और उत्साह से भर उठा। इस दौरान श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं, तीज-त्योहारों और प्रकृति से जुड़े पर्वों से है। करमा जैसे लोकपर्व हमें अपनी जड़ों और अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं। इन परंपराओं में प्रकृति के प्रति सम्मान, आपसी भाईचारा और सामूहिकता की भावना निहित है।उन्होंने कहा कि हमारी लोक संस्कृति और परंपराएं केवल उत्सव का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान की अमूल्य धरोहर हैं। इन्हें जीवंत बनाए रखना और नई पीढ़ी को इनकी महत्ता से परिचित कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं और बच्चों से भी अपनी संस्कृति, लोककलाओं एवं पारंपरिक पर्वों से जुड़ने का आह्वान किया।

- प्रकृति, संस्कृति और लोकपरंपराओं के संरक्षण का दिया संदेश



खबर संक्षेप

सिक्कों की कमी से व्यापारियों को हो रही परेशानी, कैट की पहल पर बैंक ने की पूर्ति

अम्बिकापुर। शहर के बाजार में सिक्कों की कमी के कारण व्यापारियों को शेष राशि वापस करने में हो रही परेशानियों को देखते हुए कैट के पदाधिकारियों ने बैंक अधिकारियों से चर्चा की। कैट एवं स्टेट बैंक की संयुक्त पहल पर बुधवार को होटल अलंकार ग्रीन में सिक्का वितरण किया गया। इस दौरान स्टेट बैंक के कर्मचारियों एवं कैट की टीम ने व्यापारियों को 5,10 एवं 20 के सिक्कों का वितरण किया। व्यापारियों की भारी भीड़ और सिक्कों की अधिक मांग के कारण उपलब्ध सिक्के कम समय में समाप्त हो गए। कैट ने व्यापारियों को शीघ्र ही पर्याप्त मात्रा में सिक्के तथा 10 के नोट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। कैट पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन लगातार व्यापारियों की समस्याओं को संबंधित विभागों एवं बैंकों के समक्ष उठाकर उनके समाधान के लिए प्रयासरत है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र तिवारीख उपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष रंजय स्वर्णकार, अभिषेक सिंह, अमित अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, महेंद्र सिंह टुटेजा, मुकेश शर्मा, मुकेश मनोकामना एवं स्टेट बैंक के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कृष्णपुर चौक का प्रवेश द्वार जर्जर, हादसे का खतरा



रामानुजनगर। लोक निर्माण विभाग द्वारा रामानुजनगर मार्ग पर कृष्णपुर चौक में दो दशक पहले लोहे और चादर से बनाया गया प्रवेश द्वार अब जर्जर और खस्ताहाल हो चुका है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बताया कि इतने वर्षों में रख-रखाव और रंग-रोगन न होने के कारण द्वार में काफी जंग लग चुका है। गर्मी के दिनों में चलने वाले तेज आंधी-तूफान में यह द्वार कभी भी धराशायी हो सकता है, जिससे जनहानि या किसी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग या तो नवीन प्रवेश द्वार का निर्माण कराकर स्थापित करें, या फिर पुराने द्वार की ही मरम्मत कराकर उपयोग में लाया जाए। लोगों का कहना है कि जनहित में यह कार्य अनिवार्य है।

सेन समाज में आक्रोश, व्यापम के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

रामचंद्रपुर। सर्व नाई सेन समाज के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास ने छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित लैब असिस्टेंट की भर्ती परीक्षा में सेन समाज के प्रति अपमानजनक लोकोक्ति का प्रयोग किए जाने की कड़ी आलोचना की है तथा दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने अपनी विज्ञप्ति में बताया है कि सेन समाज के प्रति घटिया लोकोक्ति का प्रयोग करना साधारण गलती नहीं बल्कि समाज के स्वाभिमान पर किया गया सोचा-समझा हमला है। सेन समाज किसी के रहमोकरम पर नहीं बल्कि अपनी मेहनत एवं स्वाभिमान के बल पर खड़ा है। उन्होंने व्यापम का प्रश्न पत्र बनाने, उसकी समीक्षा करने एवं मंजूरी देने वाले अधिकारी एवं विशेषज्ञ को बर्खास्त करने एवं शिक्षा मंत्री से स्पष्टीकरण देने की मांग की है। उन्होंने उग्र आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है।

ट्रक के पीने जा घुसे बाइक सवार एक मजदूर की मौत

अम्बिकापुर। शहर में मजदूरी करने आ रहे बाइक सवार अनियंत्रित हो कर ग्राम खाला के समीप ट्रक के पीछे जा घुसे। दुर्घटना में गंभीर हुए एक मजबूर की मौत हो गई वहीं दो मजदूरों को मामूली चोटे आई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा कला निवासी सागर देव आ. सहस राम (28 वर्ष) गांव के ही अपने दो अन्य साथियों के साथ मजदूरी करने के लिए बाइक से शहर की ओर आ रहे थे। जैसे की बाइक सवार ग्राम खाला के समीप पहुंचे तभी सामने जा रहे ट्रक चालक द्वारा अचानक वाहन रोक देने से बाइक सवार सीधे ट्रक के पीछे जा घुसे। दुर्घटना में सागर देव गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके साथियों को मामूली चोटें आई। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

कल्याणपुर मुख्य चौक पर अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था हुई प्रभावित, नाराज ग्रामीण सड़क पर करेंगे विरोध प्रदर्शन

बिश्रामपुर। ग्राम कल्याणपुर के मुख्य चौक पर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे और सड़क किनारे लगातार बढ़ते व विस्तार होते अतिक्रमण से आक्रोशित ग्रामीण अब सड़क पर विरोध प्रदर्शन की तैयारी में है,ग्रामीणों ने सूरजपुर एसडीएम को लिखित सूचना देकर 24 सितंबर गुरुवार को सुबह 11 बजे से कल्याणपुर चौक स्थित प्रतापपुर मार्ग पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किए जाने की जानकारी दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि कल्याणपुर चौक और प्रतापपुर मार्ग के आसपास शासकीय भूमि पर लगातार कब्जा किया जा रहा है।वर्तमान स्थिति यह है कि अवैध अतिक्रमण का निरंतर विस्तार होकर पक्की नाली के ऊपर तक पहुंच गया है, जिससे सड़क की चौड़ाई प्रभावित होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था भी बाधित हो रही है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो गंभीर सड़क दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत ने अतिक्रमण हटाने को लेकर कई बार प्रयास किए हैं। पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित कर कार्रवाई की पहल किए जाने का भी उल्लेख किया गया है, लेकिन अवैध कब्जाधारियों द्वारा इसका विरोध किए जाने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि अतिक्रमण हटाने के प्रयास के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट तक की घटनाएं हुई हैं। ग्रामीणों के अनुसार इन घटनाओं की शिकायत पुलिस चौकी में भी की गई है। ऐसे में अब ग्रामीण प्रशासन से शासकीय भूमि की स्थिति स्पष्ट कराने और कथित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ज्ञात हो कि कल्याणपुर चौक प्रतापपुर मार्ग पर स्थित होने के कारण यहां से प्रतिदिन कई गावों के लोगों का आवागमन होता है।यदि 24 सितंबर से प्रस्तावित चक्काजाम शुरू होता है तो प्रतापपुर मार्ग पर आवागमन प्रभावित होने की आशंका है।

सीमावर्ती इलाकों से पहुंच रहे हाथियों के अलग-अलग दल

मक्का की फसल तैयार होते ही सरगुजा में बढ़ने लगी हाथियों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मक्का की फसल तैयार होते ही लम्बे समय से सीमावर्ती क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हाथियों का दल तेजी से सरगुजा पहुंच रहे हैं। कुछ दिनों में धान की बालियां निकलने लगेगी ऐसे में आगामी महीनों तक हाथियों की समस्या से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

खास बात
- लगातार पहुंचा रहे फसलों को क्षति, बढ़ी दुर्घटना का खतरा

सितम्बर से दिसम्बर का महीना सरगुजा में हाथियों की आवाजाही की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जाता है। इसी अवधि में मक्का की फसल तैयार होती हैं तथा हाथियों का आवागमन शुरू हो जाता है। कहते हैं धान के साथ ही हाथी पहुंचते हैं तथा धान के साथ घूमते रहते हैं। इस लोकोक्ति का आशय है कि धान की बालियां निकलते ही हाथी खेतों में पहुंच जाते हैं तथा पकने तक धान को खाते हैं। धान की कटाई मिसाई के दौरान खलिहानों में पहुंचकर उत्पात मचाते हैं तथा फसल के घर पहुंचने पर घरों में तोड़फोड़ करते हैं। धान के प्रति हाथियों का गहरा लगाव होने के कारण हमले की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इस अवधि में हाथी घरों में तोड़फोड़ मचाने के साथ ही लाखों रूपए की फसल एवं सम्पत्ति को हानि पहुंचाते हैं। हाथी मूल रूप से वनक्षेत्र में रहने वाले वन्य जीव हैं लेकिन जंगल में हाथियों के अनुकूल चारा उपलब्ध नहीं होने के कारण हाथी आबादी क्षेत्र में पहुंच रहे हैं तथा लगातार तबाही मचा रहे हैं। हाथियों को बड़-पीपल के पौधे पसंद हैं लेकिन विभाग द्वारा हाथियों को जंगल में रोकने के लिए अब तक उसके पसंद के चारा को विकसित नहीं किया जा सका है। वन अधिकारी हाथियों की तबाही रोकने अभी भी नए-नए प्रयोग कर रहे हैं। विभाग द्वारा हर साल हाथियों की क्षति पर करोड़ों रूपए का मुआवजा भुगतान किया जा रहा है लेकिन मानव-हाथी द्वंद को रोकने की दिशा में अभी तक कोई स्थाई समाधान नहीं ढूंढा जा सका है। वनों में बढ़ता मानवीय दखल भी हाथियों के आबादी क्षेत्र में पहुंचने का मुख्य कारण माना जा रहा है।


फाइल फोटो

सरगुजा में 112 से अधिक हाथी

अभी धान की बालियां नहीं निकली हैं लेकिन सरगुजांचल के विभिन्न क्षेत्रों में हाथियों की संख्या 112 से अधिक पहुंच गई है। वर्तमान में वन परिक्षेत्र उदयपुर में एक लोनर सहित 27 हाथी मौजूद हैं जबकि लुण्ड्रा जंगल में लम्बे समय से एक दंतैल भ्रमण कर रहा है। वाड्रफनगर में 6 हाथी, रघुनाथनगर में 2 हाथी वही प्रतापपुर एवं घुई जंगल में 9 हाथी मौजूद है। तमोर पिंगला एलिफेंट रिजर्व में 24 हाथियों के अलग-अलग दल सक्रिय हैं वहीं कोरिया वन मंडल में 12 एवं जशपुर वनमंडल में 34 कुल 114 हाथी मौजूद है। भविष्य में हाथियों की संख्या में और अधिक वृद्धि होने एवं हाथी-मानव द्वंद बढ़ने की संभावना है।

ओड़िसा एवं झारखण्ड के हाथियों से अधिक खतरा

अभी लगातार ओड़िसा एवं झारखण्ड से लगातार हाथियों के दल पहुंच रहे हैं। मैनपाट एवं जशपुर में सक्रिय हाथियों के दल बीच-बीच में ओड़िसा चले जाते हैं। ओड़िसा से हाथियों के नए दल भी पहुंच रहे हैं। झारखण्ड से भी हाथियों के दल लगातार रामानुजगंज के जंगलों में पहुंच रहे हैं तथा घरो एवं फसलों को तबाह कर रहे हैं।

शिकार के लिए लगा रहे करंट की बाड़

वन्य जीवों के शिकार के लिए ग्रामीण लगातार करंट की बाड़ लगा रहे हैं। करंट की चपेट में आने से अब तक अनेक हाथियों के साथ ही अन्य कई वन्य जीवों एवं ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। किसी व्यक्ति अथवा विशाल वन्यजीव की मौत होने पर शिकार के लिए करंट की बाड़ लगाने का मामला सामने आता हैं जबकि अन्य कई मामले दब जाते हैं। सरगुजा में जंगली सूअर के शिकार के लिए करंट की बाड़ लगाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। वन विभाग द्वारा आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई भी की जाती है इसके बावजूद अवैध शिकार की गतिविधियां विभाग के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।

की जा रही निगरानी

धान की बालियां निकलते ही हर साल सरगुजा में हाथियों की संख्या बढ़ती है। हाथियों से सुरक्षा के लिए विभाग द्वारा ग्रामीणों को लगातार जागरूक किया जा रहा है साथ ही हाथियों की नियमित निगरानी की जा रही है।

-प्रणव मिश्रा
सीसीएफ, वाइल्ड लाइफ

आवारा मवेशियों से निजात के लिए ग्रामीणों ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

आवारा मवेशियों के आतंक से परेशान किसानों और ग्रामीणों ने अब समस्या के समाधान के लिए खुद पहल शुरू कर दी है। मानी और पोड़ी पंचायत क्षेत्र के किसानों ने आपसी सहयोग से करीब 350 आवारा मवेशियों को एकत्र कर चराने के लिए चरवाहे की व्यवस्था की है। इसके बाद इन मवेशियों को पोड़ी स्थित गोठान पहुंचाया गया है।

- 350 पशुओं के लिए खुद की चरवाहे की व्यवस्था

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में बड़ी संख्या में आवारा मवेशी लगातार खेतों में विचरण कर रहे थे। तैयार हो रही धान की फसल में घुसकर मवेशी फसल को खाने के बाद रौंद कर नुकसान पहुंचा रहे थे। ऐसे में किसानों की मेहनत पर पानी फिरने के साथ फसल को काफी नुकसान पहुंच चुका था। खेतों की रखवाली के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में चिंता बढ़ रही थी। लगातार बढ़ती मवेशियों की संख्या और हो रहे नुकसान पर मानी और पोड़ी पंचायत के खेती करने वाले किसानों ने आपस में चर्चा कर स्वयं खर्च उठाने का निर्णय लिया। ग्रामीणों के अनुसार दोनों पंचायतों से चरवाहे को 10-10 हजार रुपये देने की व्यवस्था की गई है, ताकि आवारा मवेशियों को नियमित रूप से चराया जा सके और उन्हें किसानों के खेतों में जाने से रोका जा सके। ग्रामीणों की इस पहल से फिलहाल किसानों को फसल बचाने में राहत मिलने की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि जब तक आवारा मवेशियों के लिए स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक सामूहिक सहयोग से ही फसलों को बचाने का प्रयास किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से भी गौठान एवं पशुओं की उचित व्यवस्था कराने की मांग की है।



रेड़ नदी के छठ घाट पर किया गया श्रमदान विधायक ने झाड़ू लगाकर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सेवा संकल्प अभियान सेवा मेरा योगदान अंतर्गत रिंग रोड स्थित रेड़ नदी के छठ घाट पर स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक भूलन सिंह मरावी की उपस्थिति में नदी और उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ तथा प्लास्टिक मुक्त रखने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों और नागरिकों ने घाट पर श्रमदान किया। इस दौरान घाट और उसके आसपास साफ-सफाई की गई। साथ ही आम और कटहल के पौधा लगाया गया। स्वच्छता अभियान में शामिल लोगों ने रेड नदी के छठ घाट की सफाई में अपना योगदान दिया। घाट के आसपास फैले कचरे को हटाने के साथ उपस्थित लोगों को नदी किनारे स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने श्रमदान में भाग लिया और झाड़ू से आसपास परिसर की सफाई की। उन्होंने स्वच्छता के प्रति हर नागरिक को बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नदियां प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। इनके किनारों पर प्लास्टिक और अन्य कचरा छोड़ने से आसपास का वातावरण प्रभावित होता है। घाट पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को यह ध्यान रखना चाहिए कि उसके जाने के बाद भी वह स्थान स्वच्छ बना रहे। विधायक श्री मरावी ने कहा कि सेवा मेरा योगदान पहल का अर्थ अपने आसपास के सार्वजनिक स्थलों के लिए समय निकालना और उनकी देखभाल में भाग लेना है। जब नागरिक, जनप्रतिनिधि और विभागीय अमला साथ मिलकर काम करते हैं, तो स्वच्छता के प्रति लोगों की भागीदारी भी बढ़ती है। उन्होंने नदी और घाटों को साफ रखने के लिए नागरिकों से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा उपयोग के बाद किसी भी सामग्री को नदी किनारे नहीं छोड़ने की बात कही। स्वच्छता के साथ कार्यक्रम में पौधरोपण भी किया गया। विधायक श्री मरावी और उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने महोगनी, कदम, आम तथा कटहल के पौधे लगाए।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति संत सिंह, संत सिंह,जनप्रतिनिधि, उपवन मंडलाधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय, वन परिक्षेत्र अधिकारी उमेश वस्त्रकार एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

रंगों में साकार हुआ राष्ट्रभाव, रंगोली राष्ट्र में 40 प्रतिभागियों ने दिखाई सृजनात्मक प्रतिभा

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे है। शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में प्राचार्य प्रो. नंदकिशोर सिंह की अध्यक्षता में रंगोली राष्ट्र कार्यक्रम का सफल एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, राष्ट्रीय भावना एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 40 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियां बनाकर अपनी कला और सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने रंगों एवं कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से अपनी रचनात्मक सोच को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. विभा कुमारी, श्रीमती धनेश्वरी साहू एवं खीरोमणि बाई उपस्थित रहीं। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों की रंगोली का अवलोकन कर उनकी कलात्मकता, विषय-वस्तु, प्रस्तुति एवं सृजनात्मकता के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



विहान कैंटीन में फिर चोरी, एक साल में 8वीं वारदात, चोरों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

लुंड्रा ब्लॉक के ग्राम धौरपुर में तहसील कार्यालय के समीप महिला समूह द्वारा संचालित विहान कैंटीन में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि 22 सितंबर की रात चोरों ने कटर की मदद से टिन की दीवार काटकर कैंटीन में प्रवेश किया और वहां रखा सामान चोरी कर फरार हो गए।

महिला समूह के अनुसार कैंटीन में लगभग एक वर्ष के भीतर यह 8वीं चोरी की घटना है। बार-बार हो रही चोरी से महिला समूह की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ा है। समूह की महिलाओं ने प्रशासन और पुलिस से मामले में जल्द कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इधर घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सीआर. चंद्रा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। चोरी की घटना की जांच के लिए स्निफर डॉग की मदद ली गई, लेकिन फिलहाल पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के विरूद्ध चोरी का का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर



दी है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य संभावित साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों और महिला समूह में चिंता का माहौल है। महिला समूह ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरी की लगातार हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर चोरी हुआ सामान बरामद किया जाए।

गोबरी नदी में 15 दिन में बहे रपटा पुल पर फूटा जन आक्रोश : सौंपा ज्ञापन

भैयाथान। ग्राम पंचायत डबरीपारा खुटरापारा में गोबरी नदी पर हाल ही में निर्मित रपटा पुल के महज 15 दिनों के भीतर पानी के तेज बहाव में बहकर धराशायी होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गुणवत्ताहीन निर्माण और संभावित वित्तीय अनियमितता को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। बुधवार को बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर रेना जमील को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने प्रशासन को 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुए मांगें पूरी न होने पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन व चक्काजाम की चेतावनी दी है।



उल्लेखनीय है कि 30 जून 2025 को गोबरी नदी पर बना मुख्य पुल पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। इसके बाद क्षेत्र के जनप्रतिधियों एवं ग्रामीणों ने पुल निर्माण को लेकर शासन-प्रशासन से कई बार गुहार लगाई और लगातार ज्ञापन देने का दौर चलता रहा। प्रशासनिक उदासीनता और कोई ठोस कदम न उठाए जाने से आहत ग्रामीणों ने आखिरकार खुद मोर्चा संभालते हुए जनसहयोग से स्वयं रपटा पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया था। ग्रामीणों के इस कड़े कदम से हरकत में आए शासन-प्रशासन ने आनन-फानन में हस्तक्षेप किया और रपटा पुल निर्माण हेतु 15 लाख की शासकीय स्वीकृति प्रदान की थी। प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के दौरान कलेक्टर रेना जमील ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि 15 दिनों के भीतर धरातल पर काम शुरू करा दिया जाएगा। इस पूरे मामले में एक और अहम जानकारी सामने आई है कि पूर्व में जिस रपटा पुल का निर्माण कराया गया था, उसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने के कारण संबंधित ठेकेदार को विभाग द्वारा अब तक बिल का भुगतान नहीं किया गया है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि गोबरी नदी पर स्थित पुराना पुल लगभग एक वर्ष से क्षतिग्रस्त था। ग्रामीणों और राहगीरों की सुविधा के लिए हाल ही में रपटा पुल का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के मात्र 15 दिनों के भीतर ही यह पानी के तेज बहाव में बह गया। पुल टूट जाने से क्षेत्र के स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरों, मरीजों और आपातकालीन 108 एंबुलेंस वाहनों का आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका है, जिससे हजारों ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व 7 जुलाई को एसडीएम को पत्र लिखकर संभावित खतरे से आगाह किया गया था, परंतु समय रहते ध्यान नहीं दिया गया।ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष रखीं तीन प्रमुख मांगें रपटा पुल की तत्काल मरम्मत, स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण पुल का निर्माण तथा लापरवाही की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समयावधि में उचित और ठोस कार्रवाई शुरू नहीं होती है, तो जनपद सभापति राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, युवा और हजारों ग्रामीण राष्ट्रीय राजमार्ग पर डुमरिया स्थित विश्वकर्मा ढाबा के पास कतारबद्ध बैठकर लोकतांत्रिक व शांतिपूर्ण तरीके से चक्का जाम करने को बाध्य होंगे। इस दौरान जनपद सभापति राजू कुमार गुप्ता, ग्राम पंचायत डबरीपारा,ग्राम पंचायत बांसापारा,ग्राम पंचायत गंगौटी सरपंच व उपसरपंच सहित निरज साहू, प्रवीण कुमार साहू, दिपनारायण साहू, जगतपाल सिंह, चन्द्रदेव साहू, अवधेश कांशी, लाकेश्वर सिंह मरावी, राजेंद्र यादव, हरिओम नारायण पाण्डेय, राकेश साहू, रामदत्त पाण्डेय, लवकेश यादव, मनोज यादव, दीपक साहू, छैला बाबू, कृष्णा यादव, ललन साहू, चीनू गुप्ता सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अंबिकापुर



रायपुर के प्रसिद्ध
रक्त रोग विशेषज्ञ
आपके शहर
अम्बिकापुर में
उपलब्ध रहेंगें
27 सितंबर 2026

Dr.Vikas Goyal
MD.Med.
DM Haematology

हिमेटोलॉजी एण्ड ब्लड कैंसर

निम्न समस्याओं हेतु परामर्श उपलब्ध

- खून की कमी,सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी
- सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया, आदि विकार
- सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकेमिया,लिम्फोमा, माइलोमा)
- बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ
- पेट में तिल्ली,लीवर में सूजन
- लगातार बुखार, अचानक वजन कम होना
- रक्त स्त्राव का विकार
- ब्लड क्लाट के विकार
- बोन मैरो ट्रांसप्लांट

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090

आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

online Booking:-www.tripuryatra.com



रायपुर , उसलापुर , शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)

द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)

ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road

संपर्क करें:- 9165-411411

स्वामी जी 9340638884



नेपाल विदेश यात्रा

जनकपुर (सीता माता जन्म स्थान),
आयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), लुम्बिनी,
काठमांडू, बुढ़ा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ,
पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विध्यवासिनी मंदिर,
फेवालेक, मनोकामना देवी

यात्रा दिनांक
24 सितंबर 2026
1 अक्टूबर 2026
21 अक्टूबर 2026
19 नवंबर 2026
17 दिसंबर 2026
6 जनवरी 2027

राशि स्लीपर ~~₹18,500/-~~ ऑफर ₹17,999/- 3AC ~~₹29,500/-~~ ऑफर ₹28,999/-

स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)